हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 8 नवंबर 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

14 स्मरण शक्ति के बिना कोई काम संभव नहीं : डॉ. अवधेश पटेल




14 राज्योत्सव पर बनाई रंगोली ...



## खबर संक्षेप

### सावित्री का सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन

**बगबुडा।** पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ सुभेदार, उपनिरीक्षक सवर्ग, प्लाटून कमांडर भर्ती-2021 चयनित अभ्यार्थियों की जारी सूची में लवन अंचल सावित्री साहू का सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन हुआ है, जो अचंल के लिए गौरव की बात है। सावित्री साहू कोयदा में एक सामान्य परिवार से है। कालेज के समय में कबड्डी, ऊंची कूद, लम्बीकुद, गोलाफेक, माना फेक, लम्बी दौड़ में शुरू से ही सहभागी प्रदान करती रही है। इसके - फलस्वरूप आज इस मुकाम पर पहुंच कर पूरे अंचल को गौरवान्वित किया है। सभी लोगों ने हर्ष जताया है।

### शिव मंदिर में चोरी, 22 हजार के सामान पार

**महासमुंद।** बसना क्षेत्र के ग्राम दुधीपाली के शिव मंदिर से 22 हजार के सामानों की चोरी हो गई। पुलिस ने पुजारी की रिपोर्ट पर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को दुधीपाली निवासी व गांव के बंशीधर साहू के शिव मंदिर के पुजारी पूर्णचंद्र महापात्र ने बताया कि 6 नवंबर को सुबह 4:45 बजे मंदिर में पूजा करने के लिए गया तो देखा कि मंदिर हाल एवं गर्भगृह के दरवाजे में लगा ताला कटा हुआ नीचे पड़ा था। चोरी होने के संदेह में प्रफुल्ल साहू, प्रकाश साहू को इसकी जानकारी दी, सभी लोगों के आने के बाद मंदिर अंदर प्रवेश कर देखा कि तो वहां लगा एक नग डीबीआर, एक नग एलईडी टीवी, एक नग एम्प्लीफायर, दो नग हेड माईक, एक नग वाल फेन कीमत 22, 000 रुपए को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया।

**उपलब्धि :** केन्द्र सरकार की आभा योजना के लक्ष्य को प्राप्त करने बनाया प्रोजेक्ट

# मंत्री ने अटल आरोग्य एप की बारीकियां समझी कहा - राज्य में लागू करने बनाएं योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती एवं अटल विज्ञान क्लब बलौदाबाजार और समाज सेवी अरुण छबड़ा के कुशल नेतृत्व में जिले के स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रौशन किया।

जिला राज्य उत्सव में अटल आरोग्यम मोबाइल एप्प का डेमो देते हुए स्वर्णिम पल यह अप्प भारत सरकार की महत्वकांशी आभा योजना में आ रही चुनौतियों से निपटने के लिए बनाया गया है। यह प्रोजेक्ट भारत सरकार के आभा योजना के 100 प्रतिशत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बनाया गया है। स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल को अटल आरोग्यम प्रोजेक्ट इतना पसंद आया कि उन्होंने तत्काल सीएमएचओ और चिकित्सा अधीक्षक को बुलवाकर प्रोजेक्ट को बारकी से समझ कर इसे छत्तीसगढ़ में लागू करने की योजना बनाने के निर्देश दिए। उक्त प्रोजेक्ट को बनाने में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुनी के एटीएल लैब के संचालक व्याख्याता नरेंद्र शर्मा, निशि मानिकपुरी द्वारा बच्चों को उचित मार्गदर्शन कर उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया। साथ ही राज्योत्सव कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी टंडन, विज्ञान क्लब के अध्यक्ष कौशिक मुनि त्रिपाठी एवं प्राचार्य खूबचंद सरसिहा के विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग से निरंतर विज्ञान के क्षेत्र में जिले एवं प्रदेश का मान बढ़ते जा रहा है।



### तीन छात्र राष्ट्रीय अटल प्रतियोगिता के लिए चयनित

भारत सरकार नीति आयोग द्वारा आयोजित टिंकरथोन विज्ञान मेला में सेजेस अर्जुनी के तीन विद्यार्थी तारण कुमार ध्रुव, विनय साहू, शुभम यदु एवं उनके मेंटर टीचर नरेंद्र शर्मा द्वारा बनाया डिजिटल बिल बोर्ड प्रोजेक्ट नीति आयोग भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अटल टिन्नकरथोंन प्रतियोगिता में स्टूडेंट इनोवेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए चयनित हुए है। इस ट्रेनिंग के तहत बच्चों द्वारा बनाया गया मॉडल नीति आयोग द्वारा पेटेंट के लिए अप्लाई किया जाएगा। बच्चों द्वारा बनाया गया प्रोजेक्ट सफलता पूर्वक मार्किट लांच होने के बाद उनको रॉयल्टी दी जयेगी। अम्बिकापुर पश्चिम भारत सामूहिक में हमारे स्कूल की 2 बालिकाओं जया तिवारी एवं कंचन निषाद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर मार्गदर्शक शिक्षक नरेंद्र शर्मा द्वारा नेहरू विज्ञान केंद्र मुम्बई लेकर जाएंगे।

# दतान प में मतदाता पुनरीक्षण कार्य जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम पंचायत दतान प. सहित जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नये मतदाताओं को जोड़ने का कार्य एवं मतदाता पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। बूथ लेवल अधिकारी एवं अभिहित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 29 अक्टूबर शुरू हुआ यह कार्य 28 नवंबर तक चलेगा, जिसमें नये मतदाता बनने के लिए आधार से मतदाता पहचान पत्र लिंक करने, मृत स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपित करने, मतदाता सूची में संशोधन/स्थानांतरण / नया एपिक प्राप्त करने आदि कार्य चल रहा है।

## अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**सिमगा।** आबकारी वृत्त सिमगा अंतर्गत विभिन्न अपराधों का गढ़ माने जाने वाले ग्राम दरचुरा में कल 6 नवंबर को आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम के 25 वर्षीय विक्रम पिता मिलऊ धृतलहरे के रिहायशी मकान में मुखबिर कि सूचना पर छापामार कार्रवाई की, जहां आबकारी विभाग की टीम को मौके पर 56 नग देशी मदिरा मशाला कुल मात्रा 10.08 बल्क लीटर मिली, जिसे जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) 59 (क) प्रकरण कायम कर न्यायलायिन अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार साहू, देवनंदन सिंह टंडन, आबकारी प्रधान आरक्षक राधा गिरी गोस्वामी, दामाखेड़ा पुलिस सहायता केंद्र से सउनि माधो प्रसाद साहू आरक्षक धनेश्वर ध्रुव, कृष्णा जांगड़े, नगर सैनिक कमल वर्मा वाहन चालक अन्नू धीवर में शामिल हुए।



## विवि स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता में अभिनव प्रथम



**भाटापारा।** दीपावली पर शहर में विभिन्न रंगोलियां बनाई गईं। शंकर वार्ड में स्थित एक निजी क्लासेस द्वारा आयोजित कला उत्सव में अभिनव दुबे ने काली माता के रौद्र रूप की रंगोली बनाई।अनुष्का दुबे ने मां दुर्गा का अर्ध स्वरूप बनाया। दीपा ने भी रंगोली बनाई। अभिनव दुबे की रंगोली ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय स्तर की रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी सफलता पर प्रोफेसरों और शहरवासियों ने बधाई दी।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468



